श्री अष्टविनायक सिनेविजन की ९०० करोड़ की डील

'जब वी मेट', 'भागमभाग', 'गोलमाल' और 'मैंने प्यार क्यूं किया' जैसी फिल्में बना चुका श्री अष्टविनायक सिने विजन संजय दत्त, सलमान खान, अक्षय कुमार, सैफ अली खान, करीना कपूर, जॉन इब्राहम, अरशद वारसी, कैटरीना कैफ, श्रेयस तलपदे, तुषार कपूर, इमरान खान जैसे सितारों सहित जाने-माने निर्देशक प्रियदर्शन, अनीस बज्मी, डेविड धवन, अब्बास मस्तान, रोहित शेट्टी, नीरज वोरा, विक्रम सिंह, सोहम शाह और रोहित जुगराज के साथ ९०० करोड़ रुपयों की डील की है। जल्द ही ये सितारे और निर्देशक अष्टविनायक की अलग-अलग विषयों पर आधारित फिल्मों के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करेंगे।

इसकी शुरुआत शिवम नायर की सस्पेंस थ्रिलर फिल्म 'महारथी' से होगी जिसमें नेहा धूपिया, नसीरुद्दीन और परेश रावल सहित कई बड़े सितारे होंगे। इसकी अगली कड़ी संजय गढवी की संजय दत्त, इमरान अभिनीत एक्शन पैक फिल्म 'किडनैप' बनेगी। दीवाली के मौके पर करीना, अजय सहित कई सितारों से सजी 'गोलमाल रिर्टनस' गुदगुदाएगी। हंसी के इसी माहौल को आगे बरकरार रखेगी नीरज वोरा की गोविंदा, तुषार जैसे स्टारकास्ट से बनी फिल्म 'रन भोला रन' और अनिल कपूर और अक्षय खन्ना की 'वन वे टिकट'। अष्टविनायक की फिल्मों की कड़ी यही खत्म नहीं होगी। इस ९०० करोड़ रुपयों की डील का आगे हिस्सा कैटरीना, अक्षय और लारा की फिल्म 'ब्लू', श्रुति हसन, इमरान की 'लक', हिमेश रेशमिया की 'मुड़-मुड़ के ना देख' और करीना और जॉन अब्राहम की अनाम फिल्म बनेगी। इन फिल्मों पर अष्टविनायक सिनेविजन के ९०० करोड़ रुपए लगे हैं। इन एक के बाद एक बड़ी फिल्मों के रिलीज पर कंपनी के एमडी धिलीन मेहता का कहना है कि गोलमाल, भागमभाग, जब वी मेट की सफलता के बाद भी हमारी यही रणनीति है कि हम दर्शकों का बेहतरीन मनोरंजन कर सके।



अष्टविनायक बैनर की फिल्म 'गोलमाल रिटर्न' का एक दृश्य